# पुनरावृत्ति

---

**कक्षा - 6** **जमा करने की तिथि - 11-9-14**

**विषय - हिन्दी**

---

## व्याकरण

**प्रश्न-१) (अ) निम्नलिखित वाक्य में से उद्देश्य तथा विधेय छाँटकर अलग-अलग लिखिए :-**

i) विद्यार्थी स्कूल जा रहे हैं ।

ii) लोगों ने सफाई के महत्त्व को जान लिया ।

iii) मोहन के छोटे भाई रमेश ने एक कविता लिखी ।

**(आ) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के विशेषण का भेद बताइए :-**

i) परिश्रमी छात्र कभी असफल नहीं होते ।

ii) उसने पाँच मीटर कपड़ा खरीदा ।

iii) माता जी कुछ फल लेकर आईं ।

**(इ) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद के कारक का भेद बताइए :-**

i) पिताजी ने नौकर को पचास रुपए दिए ।

ii) वार्षिक परीक्षा मार्च में होगी ।

iii) राधा ने कड़ाही से पूरियाँ निकालीं ।

**(ई) कर्म के आधार पर क्रिया का भेद :-**

i) रोहन गीत गा रहा है।

ii) पुलिस ने चोर को पकड़ लिया होगा ।

iii) बच्चे सो रहे हैं ।

**प्रश्न २) (अ)निम्नलिखित वाक्यों के काल का भेद बताइए :-**

i) छुट्टियों में हम आगरा जाएँगे।

ii) बाल्मीकि ने रामायण लिखी थी।

iii) मंजू कपड़े धो रही है ।

(आ) i) दाँत खट्टे करना ii) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

**(इ) निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए :-**

आपने मेरे जन्म दिन पर आ कर ____________ दिए ।

i) रंग में भंग होना ii)नाक में दम करना

iii) जान पर खेलना iv)चार चाँद लगाना

**प्रश्न-३)(अ)कोष्ठक में दिए गए शब्द के विलोम शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-**

i) गंगा नदी का पानी ___________ हो गया है ।(निर्मल )

ii) योगाभ्यास करने से _____________दूर हो जाता है ।(स्फूर्ति )

iii)नगर सेवक को नागरिकों के लिए _____के कार्य करने चाहिए । (अहित)

**(आ) निम्नलिखित शब्द के दो-दो अर्थ लिखिए :-**

i) अक्षर ii) कर iii) तात

**(इ) निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :-**

i) हवा ii) मित्र iii) सूरज

## वितान

**प्रश्न-४) एक वाक्य में उत्तर दीजिए :-**

i) 'उषा आ रही है' कविता के कवि का नाम लिखो ?

ii) रामू और लेखक की मित्रता को कौन -कौन पहचानते थे ?

iii) डाक्टर साहब ने मुंशी प्यारे लाल से क्या कहा ?

iv) लेखक की मुलाक़ात रामरत्न से कहाँ हुई ?

v) कृष्ण को कौन सुला रहा है ?

**प्रश्न-५) आशय स्पष्ट कीजिए :-**

i) एक दिन झिझक टूटी । 'आप'का संबोधन विदा हुआ ,'तुम'के अपनेपन पर आ गए ।

ii) नई ज़िंदगी पाश में बंधनों के , नई चाल में आज अंगड़ा रही है

**प्रश्न -६) निम्नलिखित पदयांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

सभी को जगाती ,हँसाती,खिलाती,
बुलाती, नए भाव से गुदगुदाती ,
हृदय में उषा और धड़कन बढ़ाती
घने कुहरे पर मंद मुसका रही है

i) कवि और कविता का नाम बताइए ।

ii) यहाँ "घने कुहरे"किसका प्रतीक है ?

iii) **'हृदय'** और **'मंद'** का अर्थ लिखिए ।

**प्रश्न -७) नीचे दिए गए गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

हमें सदैव इनका आदर करना चाहिए और पृथ्वी पर जीवित रहने के अधिकार को मान्यता देनी चाहिए । अब तो हर कहीं इनका रहना दिन-पर-दिन मुश्किल होता जा रहा है क्योंकि हम लोग जंगलों का सर्वनाश कर रहे हैं ।

i) पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

ii) 'इनका 'शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है ?

iii) इनका रहना मुश्किल क्यों होता जा रहा है ?

**प्रश्न -८) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

i) कवि 'उषा आ रही है' में क्या संदेश देना चाहते हैं ?

ii) रामू और लेखक की मित्रता किस प्रकार हुई ?

iii) मुंशी प्यारेलाल ने डाक्टर साहब को सुखलाल के बारे में क्या बताया ?

iv) दूसरे पद के आधार पर कृष्ण जी के सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।